राज्यपाल सचिवालय

बिहार, लोक भवन, पटना–800022

पत्रांक– लेखा–42 / 2024..... / रा०स०(।।) दिनांक.....

सीमित निविदा पूछताछ सूचना (Limited Tender Enquiry)

राज्यपाल सचिवालय, बिहार लोक भवन, पटना के उपयोगार्थ माननीय राज्यपाल महोदय के राजकीय दयित्वों, प्रोटोकॉल संबंधी कार्यक्रमों एवं अन्य अधिकारिक कार्यों के सूचारू संचालन हेतु तीन (03) अदद् नए मोटर वाहनों के क्रय के लिए योग्य एवं इच्छुक / पात्र अधिकृत डिलरों / विक्रेताओं से बिहार वित्त (संशोधन) नियमावली, 2024 के नियम 131 (ढ़) (02) के तहत् आमंत्रित की जाती है।

(1) वाहनों का विवरण एवं मात्रा

क्र.सं.	वाहन का नाम एवं मॉडल	अनुमानित मूल्य	वाहनों की संख्या	कुल क्रय राशि
1	Toyota Innova Hycross: ZX (O) 7 Str. Hybrid, At: Color- Black	**36,81,520.00**	**02 (दो) अदद्**	**73,63,040.00**
2	Honda City E-HEV 1.5 ZXCVT, P.	**23,92,794.00**	**01 (एक) अदद्**	**23,92,794.00**

(2) पात्रता की शर्तें:–

(i) निविदादाता संबंधित वाहन निर्माता कंपनी का अधिकृत डिलर / विक्रेता होना चाहिए।

(ii) वैध Dealership/Authorization Certificate प्रस्तुत करना अनिर्वाय होगा।

(iii) निविदादाता का PAN एवं GST Registration वैध होना चाहिए।

(iv) फर्म / कम्पनी के पंजीकरण से संबंधित प्रमाण–पत्र तथा अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता का प्राधिकरण–पत्र प्रस्तुत किया जाय।

(v) निविदादाता को संबंधित वाहन की आपूर्त्ति का अनुभव, प्रस्तुत करना होगा।

(vi) किसी सरकारी विभाग / संस्था द्वारा Blacklist/Debar नहीं किया गया हो, इस संबंध में घोषणा–पत्र देना होगा (परिशिष्ट V के प्रारूप के अनुसार)।

(3) वाहन से संबंधित प्रमुख शर्तः–

(i) सभी वाहन Brand New, Unused एवं Unregistered होंगे।

(ii) नवीनतम उपलब्ध Model वर्ष के वाहन होंगे।

(iii) Demo/Test Drive अथवा पूर्व में पंजीकृत वाहन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(iv) वाहनों की आपूर्त्ति तकनीकी विनिर्देशों के अनुरूप होना चाहिए।

(v) Engine Number एवं Chassis Number की जानकारी आपूर्त्ति के समय प्रस्तुत की जानी होगी।

(vi) निर्माता द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले सभी Standard Accessories एवं Equipment वाहन के साथ उपलब्ध कराया जाय।

(4) तकनीकी विनिर्देशः– प्रत्येक वाहन के संबंध में विस्तृत तकनीकी विनिर्देश **परिशिष्ट–02 (Technical Specification Bid)** के अनुसार प्रस्तुत करना होगा। तकनीकी विनिर्देश में मुख्यतः निम्नलिखित विवरण सम्मिलित होना चाहिए।

(i) Model एवं Variant, Seating Capacity, Fuel Type, Engine/Power, Transmission.

(ii) Safety Feature (Airbags, ABS/EBD, Parking Sensors/Camera).

(iii) Air Conditioning, Infotainment System, Tyre Size, Dimensions, Emission Morms.

(iv) Standard Features, Hybrid Technology एवं Accessories, Warranty, Free Services.

(v) पटना में अधिकृत Service Centre का विवरण एवं Colour.

(5) कीमत/दर प्रस्तुत करने की शर्तः–

(i) निविदादाता द्वारा वाहनों की Ex-Showroom Price, GST, Registration/Road Tax तथा अन्य लागू शुल्क का पृथक विवरण प्रस्तुत किया जाय।

(ii) वाहन पर उपलब्ध कराई जाने वाली छूट (Discount) की राशि का स्पष्ट विवरण परिशिष्ट– **I (Financial Bid Schedule)** में अंकित किया जाय।

(iii) उद्धृत दर में Ex-Showroom Price, GST, Registration/Road Tax अन्य शुल्क एवं Discount का पृथक–पृथक विवरण दिया जाय।

(iv) उद्धृत दर अंकों एवं शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से अंकित किया जाय।

(v) बिना दर अथवा अधूरी दर पर प्रस्तुत निविदा पर नियमानुसार विचार नहीं किया जाय।

(6) कर एवं अन्य शुल्कः–

(i) दर में Goods and Services Tax (GST) तथा अन्य सभी लागू कर एवं शुल्क का पृथक विवरण दिया जाय।

(ii) On-Road Cost में सम्मिलित प्रत्ये मद को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाय।

(iii) निविदा में स्पष्ट उल्लेख के बिना बाद में किसी अतिरिक्त शुल्क का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(iv) सभी कर एवं शुल्क वर्त्तमान में लागू सरकारी नियमों/निर्देशों के अनुसार होंगे।

(7) आपूर्त्ति की अवधिः–

(i) कार्यादेश (Work Order) प्राप्त होने की तिथि से 01 माह के भीतर सभी वाहनों की आपूर्त्ति करनी होगी।

(ii) निर्धारित समय–सीमा में आपूर्त्ति नहीं होने पर लागू नियमों एवं निविदा की शर्तों के अनुसार दंड/अन्य कार्रवाई की जाएगी।

(8) निरीक्षण एवं स्वीकृतिः–

(i) वाहनों की आपूर्त्ति के समय राज्यपाल सचिवालय द्वारा नामित पदाधिकारी/समिति द्वारा निरीक्षण किया जाएगा।

(ii) निर्धारित तकनीकी विनिर्देशो के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में वाहन स्वीकार किया जा सकेगा तथा निविदादाता को अपने व्यय पर निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूप वाहन उपलब्ध कराना होगा।

(9) पंजीकरण (Registration):–

(i) वाहनों का पंजीकरण राज्यपाल सचिवालय, बिहार लोक भवन, पटना के सक्षम प्राधिकार के नाम से संबंधित पंजीकरण प्राधिकारी के समक्ष पंजीकरण कराना कम्पनी/निविदादाता/फर्म का दायित्व होगा। इसके लिए अलग से कोई राशि देय नहीं होगा।

(ii) वाहनों के पंजीकरण से संबंधित निर्धारित शुल्क एवं अन्य देय राशि कम्पनी/निविदादाता द्वारा वहन किए जाएंगे, तथा पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त पंजीकरण प्रमाण–पत्र (RC) कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।

(10) बीमा (Insurance):–

(i) बिहार वित्त नियमावली के नियम– 442 के तहत् उक्त सभी वाहनों अर्थात् (i) Toyota Innova Hycross: ZX (O) 7 Str. Hybrid, At: Color- Black एवं (ii) Honda City E-HEV 1.5 ZXCVT, P. का बीमा नहीं कराया जाएगा, तथा इसके लिए अलग से कोई भी शुल्क अदा नहीं कि जाएगी।

(11) वारंटी:–

(i) निर्माता द्वारा प्रदत्त Standard Warranty की अवधि एवं शर्तों का उल्लेख किया जाय।

(ii) वारंटी के अन्तर्गत आने वाले Parts/Services के संबंध में निर्माता की शर्तें प्रस्तुत करनी होंगी।

(12) Free Service एवं After-Sales Service:–

(i) Free Services की संख्या एवं अवधि का उल्लेख किया जाय।

(ii) पटना अथवा निर्धारित क्षेत्र में अधिकृत Service Centre की उपलब्धता का विवरण दिया जाय।

(ii) Service Centre का पता, मोबाईल/फोन संख्या एवं अधिकृत अधिकारी का विवरण प्रस्तुत किया जाय।

(13) आवश्यक दस्तावेजों की सूची (Technical Bid के साथ):–

(i) Dealership/Authorization Certificate, PAN Card, GST registration Certificate, Firm/Company Registration Certificate

(ii) अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता का प्राधिकरण–पत्र, Warranty and Service Details, Bank Details

(iii) Blacklisting/Debarment घोषणा–पत्र, EMD/Bid Security जमा कने का प्रमाण–पत्र (या छूट प्रमाण–पत्र) (परिशिष्ट III के अनुसार) में अंकित किया जाय।

(14) निविदा दस्तावेज की स्वीकृति:– निविदादाता द्वारा निविदा दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर एवं मुहर अंकित कर यह प्रमाणित किया जाएगा कि उसने निविदा में निहित सभी शर्तों, नियमों एवं निर्देशों को भली–भाँति पढ़कर समझ लिया है तथा वह उन्हें पूर्णतः स्वीकारकर्त्ता है। हस्ताक्षरित एवं मुहरयुक्त निविदा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने की स्थिति में निविदा को अपूर्ण मानते हुए अस्वीकार किया जा सकता है।

(15) EMD/Bid Security:–

(i) निविदादाता द्वारा निविदा मूल का 02 प्रतिशत EMD/Bid Security के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।

(ii) सफल निविदादाता की EMD, Performance Security प्राप्त होने के उपरान्त नियमानुसार वापस की जाएगी।

(iii) नियमानुसार EMD से छूट प्राप्त निविदादाता द्वारा वैध छूट प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया जाय।

(iv) EMD, Bank Guarantee के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा (परिशिष्ट III के प्रारूप के रूप में अंकित किया जाय)।

(16) Performance Security:–

(i) सफल निविदादाता द्वारा निविदा मूल्य का **05%** Performance Security, Bank Guarantee के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा (परिशिष्ट IV के प्रारूप के रूप में अंकित किया जाय)।

(ii) Performance Security निविदा की सभी शर्तों एवं दायित्वों की पूर्ति तथा Warranty संबंधी दायित्वों की पूर्त्ति के उपरान्त लागू नियमों के अनुसार वापस कर दी जाएगी।

(17) निविदा दस्तावेज में Technical Bid एवं Financial Bid को पृथक–पृथक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करने तथा दोनों लिफाफे को एक बाहरी लिफाफे में रखकर जमा करना होगा। Technical Bid की जाँच/मूल्यांकन के उपरान्त तकनीकि रूप से योग्य निविदादाताओं की Finciancial Bid नियमानुसार अधिकृत फर्म/कम्पनी के नामित सदस्यों के समक्ष खोला जाएगा।

(18) भुगतान की शर्तः– वाहनों की संतोषजनक आपूर्त्ति, मोटरयान निरीक्षक, पटना का निरीक्षण प्रमाण–पत्र, पंजीकरण एवं आवश्यक दस्तावेज प्राप्त होने के पश्चात् भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।

(19) निविदा की वैधताः– निविदा जमा करने की अंतिम तिथि से 03 माह तक निविदा वैध रहेगी।

(20) तुलनात्मक मूल्यांकनः– प्रत्येक वाहन के लिए तकनीकी रूप से योग्य निविदादाताओं की वित्तीय निविदाओं का पृथक मूल्यांकन, निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया जाएगा।

(21) सशर्त निविदाः– सर्शत अथवा निविदा के निर्धारित शर्तों के विपरीत किसी अतिरिक्त शर्त के साथ प्रस्तुत बोली स्वीकार नहीं कि जाएगी।

(22) निविदा निरस्त करने का अधिकारः– सक्षम प्राधिकारी को लागू नियमों के अधीन किसी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने तथा आवश्यकतानुसार निविदा प्रक्रिया को निरस्त/पुनः आमंत्रित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

(23) लागू नियमः– यह नियम बिहार वित्त (संशोधन) नियमावली, 2024 के नियम 131 (ढ़) (02) एवं समय–समय पर यथासंशोधित अधिप्राप्ति संबंधी नियमों तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित शर्तों के अधीन होगी।

(24) निविदा कार्यक्रमः–

क्र.सं.	**विवरण**	**दिनांक/समय**
1	निविदा जारी करने की तिथि	28.10.2026
2	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	09.11.2026
3	Technical Bid खोलने की तिथि	11.11.2026 को 12:00 बजे अपराह्न
4	Financial Bid खोलने की तिथि एवं समय	12.11.2026 को 12:00 बजे अपराह्न
5	निविदा की वैधता	03 माह

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के आदेश से,
ह०/–
संजय कुमार
राज्यपाल के अपर सचिव

ज्ञापांक–लेखा–42/2024-982...../रा०स०(।।), पटना/दिनांक–28.10.26.

प्रतिलिपिः– राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव कोषांग, बिहार लोक भवन, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

28/10/26
राज्यपाल के अपर सचिव

राज्यपाल सचिवालय

बिहार, लोक भवन, पटना–800022

पत्रांक 982 /रा०स० (II), दिनांक 28.10.2026

परिशिष्ट–I:– Financial Bid

A. Toyota Innova Hycross ZX (0) 7 Seater- Hybrid				
क्र॰	विवरण	प्रति वाहन राशि (रु॰)	मात्रा	कुल राशि (रु॰)
1	Ex- Showroom Price		02	
2	GST (.....%)			
3	Registration/Road Tax			
4	Accessories			
5	Discount (यदि कोई हों)			
6	**कुल प्रति वाहन राशि**			

B. Honda City E-HEV 1.5 ZXCVT, P				
क्र॰	विवरण	प्रति वाहन राशि (रु॰)	मात्रा	कुल राशि (रु॰)
1	Ex- Showroom Price		01	
2	GST (.....%)			
3	Registration/Road Tax			
4	Accessories			
5	Discount (यदि कोई हों)			
6	**कुल प्रति वाहन राशि**			

कुल निविदा मूल्य			
क्र॰	वाहन	मात्रा	कुल राशि (रु॰)
1	Toyota Innova Hycross ZX (0) 7 Seater-Hybrid	02	
2	Honda City E-HEV 1.5 ZXCVT, P	01	
	कुल	**03**	

कुल राशि शब्दों में (रु॰)– ...../– मात्र।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता

नाम:–

स्थान:–

दिनांक:–

फर्म की मुहर:–

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के आदेश से,

28/10/26

(संजय कुमार)
अपर सचिव
राज्यपाल सचिवालय
बिहार लोक भवन, पटना

राज्यपाल सचिवालय

बिहार, लोक भवन, पटना–800022

पत्रांक 982 /रा०स० (II), दिनांक 28.10.2026

परिशिष्ट– II Technical Bid

A. Toyota Innova Hycross ZX (0) 7 Seater- Hybrid		
क्र॰	विवरण	आवश्यक तकनीकि विनिर्देश
1	Manufacturer	नवीनतम
2	Model Year/Variant	नवीनतम
3	Seating Capacity	07 Seater
4	Fuel Type	Hybrid
5	Transmission	Automatic
6	Safety Features	Air Bags, ABS, EBD, VSC आदि।
7	Air Conditioning	Automatic Climate Control
8	Emission Norms	BS- VI अथवा नवीनतम
9	Standard Accessories	माननीय राज्यपाल महोदय के सवैंधानिक पद की गरिमा एवं प्रोटोकॉल के अनुरूप।
10	Colour	Super Black

B. Honda City E-HEV 1.5 ZXCVT, P		
क्र॰	विवरण	आवश्यक तकनीकि विनिर्देश
1	Manufacturer	नवीनतम
2	Model Year/Variant	नवीनतम
3	Seating Capacity	05 Seater
4	Fuel Type	Hybrid
5	Transmission	Automatic
6	Safety Features	Air Bags, ABS, EBD, VSC आदि।
7	Air Conditioning	Automatic Climate Control
8	Emission Norms	BS- VI अथवा नवीनतम
9	Standard Accessories	माननीय राज्यपाल महोदय के सवैंधानिक पद की गरिमा एवं प्रोटोकॉल के अनुरूप।
10	Colour	Super Black

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के आदेश से,

28/10/26

(संजय कुमार)
अपर सचिव
राज्यपाल सचिवालय
बिहार लोक भवन, पटना

राज्यपाल सचिवालय

बिहार, लोक भवन, पटना–800022

पत्रांक 982 /रा०स० (II), दिनांक 28.10.2026

परिशिष्ट– III

EMD/Bid Security Form

1. निविदा संख्याः .....
2. बोलीदाता का नाम .....
3. EMD राशि .....
4. माध्यम .....
5. दस्तावेज संख्या .....
6. बैंक का नाम एवं शाखा .....
7. वैद्यता अवधि .....
8. यदि EMD से छूट है तो छूट प्रमाण–पत्र का विवरण .....

हम घोषित करते हैं कि उपर्युक्त विवरण सत्य एवं सही है।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता
नामः–
स्थानः–
दिनांकः–
फर्म की मुहरः–

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के आदेश से,

28/10/26

(संजय कुमार)
अपर सचिव
राज्यपाल सचिवालय
बिहार लोक भवन, पटना

राज्यपाल सचिवालय

बिहार, लोक भवन, पटना–800022

पत्रांक 982 /रा०स० (II), दिनांक 28.10.2026

परिशिष्ट– IV

Performance Security Form

1. निविदा संख्याः .....
2. सफल बोलीदाता का नाम .....
3. Performance Security राशि .....
4. माध्यम (Bank Guarantee के रूप में) .....
5. दस्तावेज संख्या .....
6. बैंक का नाम एवं शाखा .....
7. वैद्यता अवधि .....
8. यदि Performance Security से छूट है तो छूट प्रमाण–पत्र का विवरण .....

हम घोषित करते हैं कि उपर्युक्त विवरण सत्य एवं सही है।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता
नामः–

स्थानः–

दिनांकः–

फर्म की मुहरः–

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के आदेश से,

28/10/26

(संजय कुमार)
अपर सचिव
राज्यपाल सचिवालय
बिहार लोक भवन, पटना

राज्यपाल सचिवालय

बिहार, लोक भवन, पटना–800022

पत्रांक 982 /रा०स० (II), दिनांक 28.10.2026

परिशिष्ट–V

Blacklisting/Debarment Declaration

मैं/हम– ..... (फर्म/कम्पनी का नाम) यह घोषित करता/करती हूँ। हमारे/हमारी फर्म/कम्पनी को किसी भी सरकार विभाग/संस्था/उपकरण द्वारा Blacklist/Debar नहीं किया गया है।

यदि यह घोषणा किसी भी स्तर पर असत्य पाई जाती है, तो राज्यपाल सचिवालय, बिहार लोक भवन, पटना द्वारा हमारी निविदा अस्वीकृत किया जा सकेगी, तथा आवश्यक कार्रवाई की जा सकेगी।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता
नामः–
स्थानः–
दिनांकः–
फर्म की मुहरः–

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के आदेश से,

28/10/26

(संजय कुमार)
अपर सचिव
राज्यपाल सचिवालय
बिहार लोक भवन, पटना